CLASS-III
(Sangya,Worksheet)

(*i*) संज्ञा की परिभाषा बताने वाला विकल्प कौन-सा है?

(क) किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान आदि का नाम

(ख) वर्णों का सार्थक मेल

(ग) सामान्य अर्थ न प्रकट कर विशेष अर्थ बताने वाले शब्द

(घ) जिनका कोई सार्थक खंडन हो

(*ii*) इनमें से कौन-सा संज्ञा का भेद नहीं है?

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) भाववाचक संज्ञा (ग) कालवाचक संज्ञा (घ) जातिवाचक संज्ञा

(*iii*) 'बुढ़ापा' शब्द है ....।

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) भाववाचक संज्ञा (ग) जातिवाचक संज्ञा (घ) इनमें से कोई नहीं

(*iv*) 'यह लड़की हँसती रहती है।' वाक्य में संज्ञा शब्द कौन-सा है?

(क) यह (ख) हँसती (ग) लड़की (घ) रहती है

(*v*) व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द इनमें से कौन-सा है?

(क) छात्र (ख) अखबार (ग) बचपन (घ) हिमालय

(*vi*) 'लड़का' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा कौन-सा शब्द है?

(क) लड़कों ने (ख) लड़के (ग) लड़कपन (घ) हे लड़को!

(*vii*) 'अपना' शब्द से बना भाववाचक शब्द कौन-सा है?

(क) अपनाना (ख) अपनाया हुआ (ग) अपने पर (घ) अपनत्व

(*viii*) 'धोना' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द इनमें से कौन-सा है?

(क) धोबी (ख) धुलाई (ग) धोया (घ) धोबिन

(*ix*) 'सर्व' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द कौन-सा है?

(क) सर्वहारा (ख) सर्वज्ञ (ग) सर्वव्यापी (घ) सर्वस्व

(*x*) भाववाचक संज्ञा किन शब्दों से बनती है?

(क) सर्वनाम (ख) क्रिया (ग) विशेषण (घ) उपर्युक्त सभी से

उत्तर

(*i*) क (*ii*) ग (*iii*) ख (*iv*) ग (*v*) घ

(*vi*) ग (*vii*) घ (*viii*) ख (*ix*) घ (*x*) घ